क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा कर समाधान का दिलाया भरोसा

■ **सम्मान समारोह के दौरान डॉ. गर्ग ने ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की**

भरतपुर । भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव नूरपुर में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग का ग्रामीणों ने माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर जोरदारी के साथ सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान डॉ. गर्ग ने ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान लोगों ने उन्हें गांव नूरपुर के आम रास्ते में जल भराव की समस्या से अवगत कराया। इसके साथ ही युवाओं के लिये खेल कूद की कोई व्यवस्था नहीं होने पर खेल मैदान का निर्माण कराने की मांग रखी। इस अलावा कई अन्य समस्याओं से भी ठाामीणों ने डॉ. गर्ग को अवगत कराया। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही विधायक कोष से समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाते हुये कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिये समर्पण भाव के साथ लगे हुये हैं। डॉ. गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के मडरपुर सहित अन्य गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को जानकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान सेवर बाईपास पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।इसके अलावा डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई की। जहां लोगों ने उन्हें जलभराव के साथ ही शहरी क्षेत्र में जगह-जगह टूटे पडे फैरो कवर की समस्या से अवगत कराते हुये बताया कि फैरो कवर टूटे होने से आये दिन दुर्घटनायें होती हैं। जिस पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को टूटे हुये फैरो कवरों को बदलवा कर नये फैरो कवर लगवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अन्य समस्याओं को लेकर भी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये।

कसोदा, कंजौली व अनीपुर को मिला कर कसोदा को नई पंचायत बनाने की मांग

प्रतिनिधि मंडल ने कसोदा कंजौली और अनीपुर को मिला कर कसोदा को नई पंचायत बनाने की मांग की।

भरतपुर । ग्राम पंचायत मधौनी के गांव कसौदा कंजौली व अनीपुर के जनसमुदाय के एक नेता भाजपा नेता अध्यक्ष गोयल और भारतीय किसान संघ के रमन सिंह के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी से मुलाकात हुई। प्रतिनिधि मंडल ने कसोदा कंजौली और अनीपुर को मिला कर कसोदा को नई पंचायत बनाने की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि जिला कलेक्टर ने बताया कि ग्राम पंचायत माधोनी समिति सेवर की सबसे बडी पंचायत है। इस पंचायत में करीब 12 किलोमीटर की सूची है, इसकी जनसंख्या 6831 है, इसमें 7 गांव शामिल हैं। इस पंचायत में शामिल गांव कसौदा कंजौली और अनीपुर की कुल जनसंख्या 4538 हैं। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि भूमंडलीय दृष्टि से भी तीन गांवों की सीमा माधोनी से नहीं मिलती है, पंचायत के वोट के लिए भी रिवीजन को सीधा रास्ता नहीं मिलने के कारण लगभग 12 किमी घूमने वाला क्षेत्र, जहां मुर्रा स्थित है, माधोनी में स्थित है।

■ **ग्राम पंचायत माधोनी समिति सेवर की सबसे बड़ी पंचायत है। इस पंचायत में करीब 12 किलोमीटर की सूची है, इसकी जनसंख्या 6831 है, इसमें 7 गांव शामिल हैं। इस पंचायत में शामिल गांव कसौदा कंजौली और अनीपुर की कुल जनसंख्या 4538 हैं। भूमंडलीय दृष्टि से भी तीन गांवों की सीमा माधोनी से नहीं मिलती है,**

इन सारी बातों को देखते हुए स्थानीय नेता जगत सिंह, मा. महाराज विश्वेन्द्र सिंह जी, ईव स्वयं सुभाष गर्ग जी ने मा. जिला कलेक्टर से भी अपील की गई है कि इसे सीमांकन में प्रथमिकता देते हुए इसका मुख्यालय तैयार किया जाए। पूर्व जिला मजिस्ट्रेट अधिकारी द्वारा डिप्टी कमिश्नर की सलाह इससे पूर्व प्रतिनिधि मंडल की बातचीत एस डी एम साहब से भी हुई। औद्योगिक अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया है।

ग्रामीणो के एक मंडल प्रतिनिधि शीघ्र ही केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से भी मुलाकात होगी।

प्रतिनिधि मंडल में फाल सिंह, जुगल सिंह सेंचुरीदार, अनुप सिंह, हेमराज सिंह, अवतार सिंह, बसंत, किरोडी सिंह, विजेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, बहादुर सिंह, सती, नहनू सिंह, होरीलाल पंच आदि प्रमुख थे।

‘34.14 करोड रूपये की लागत से होंगे विकास कार्य’

■ **डीग में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित**

डीग भरतपुर। पंचायत समिति सभागार भवन डीग में मंगलवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 अन्तर्गत डीपीआर अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी भरतपुर मृदुल सिंह द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 अन्तर्गत सभी 5 ब्लाकों के 35 ग्राम पंचायतों के 114 ग्राम सम्मिलित किये गये हैं। जिसमें 1190 कार्यो को सम्मिलित किया गया है। जिसकी राशि 34.14 करोड रूपये है।

करतारसिंह, अधीक्षण अभियंता, जलठाहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, डीग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.2 अन्तर्गत ब्लॉक डीग, कुम्हेर, कामां, पहाडी, नगर की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा लिये गये कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी प्रकार से सभी 5 ब्लॉक्स की डीपीआर के बारे में भी विस्तार से सभी उपस्थित अधिकारियों को प्रस्तुतीकरण दिया गया। सभी 5 डीपीआर का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। बैठक में हरीओम शर्मा, जिला प्रभारी, जयपुर, ईशु नारंग, अधिशाषी अभियंता, पीएचईडी, महिपाल शर्मा, संयुक्त निदेशक, कृषि, सुरेश चैधरी, सहायक वन संरक्षक, वन विभाग, डीग, नीरज सिंह, सहायक अभियंता, जलठाहण आदि के साथ अन्य अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

पेंशनर्स ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

गंगापुर सिटी । राजस्थान पेंशनर समाज ने केंद्र सरकार के नए सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2०25 का विरोध किया है। समाज के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला शाखा अध्यक्ष रामसहाय शर्मा के नेतृत्व में पेंशनर्स ने कहा कि यह विधेयक पेंशनर्स के हितों के खिलाफ है। नए नियमों के तहत सरकार को पेंशनर्स के बीच भेदभाव करने का अधिकार मिल जाएगा। यह भेदभाव सेवानिवृत्ति की तारीख या वेतन आयोग की सिफारिशों की तिथि के आधार पर होगा। पेंशनर समाज का कहना है कि यह प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। साथ ही यह सुप्रीम कोर्ट के 17 दिसंबर 1982 के डी.एस. नकारा मामले के फैसले के भी विरुद्ध है। 7वें वेतन आयोग में सरकार ने 1 जनवरी 2०16 से पहले और बाद के पेंशनर्स के बीच समानता रखी थी। अब 8वें वेतन आयोग की घोषणा के बाद पेंशनर्स चिंतित हैं।

करौली नगर परिषद कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला

करौली । जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है कलेक्ट्रेट और नगर परिषद के बीच स्थित एकमात्र सिटी पार्क कि सफाई व्यवस्था के नाम पर 3 वर्ष से चल रही मनरेगा की मस्टरोल के उपरांत भी सिटी पार्क कचरा गोदाम बना हुआ है। करौली जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के ठीक सामने और नगर परिषद कार्यालय के बीच शहर का जाना माना एकमात्र सिटी पार्क स्थित है जहां शहर के महिला, पुरुष, बालक प्रात: और शाम को घूमने आते हैं इसके अलावा जिला मुख्यालय पर जिले भर से समस्याओं के निराकरण के लिए आने वाले फरियादियों को बैठने का उपयुक्त स्थान है वही सिटी पार्क में विभिन्न प्रकार के छायादार के अलावा फुलवारी के हजारों कि संख्या में पेड़ पौधे लगे हुए हैं जिनकी छाया का लोग इस भीषण गर्मी के दौर में लाभ लेते हैं मगर सिटी पार्क में जमा गंदगी के ढेर नगर परिषद के भ्रष्टाचार को स्पष्ट में दर्शा रहे हैं क्योंकि इस सिटी पार्क कि साफ सफाई नगर परिषद प्रशासन ने गत करीब तीन वर्ष से मनरेगा कि मस्टरोल चला रखी है एक मस्टरोल में 10 श्रमिक कार्य करते हैं उसके उपरांत भी सिटी पार्क गंदगी के ढेरो से अटा पडा देखा जा रहा है सिटी पार्क में लगे गंदगी के ढेर से प्रतीत होता है कि सिटी पार्क कि साफ सफाई होती ही नहीं है इस मामले में नगर परिषद के पार्षदों से हुई चर्चा में बताया कि वैसे तो चार-पांच वर्ष से इस सिटी पार्क कि सफाई के लिए मनरेगा के तहत दस श्रमिको कि मस्टरोल चलती आ रही है। लेकिन सफाई के नाम पर जीरो है जबकि जिला मुख्यालय पर एकमात्र सिटी पार्क है जिसका आमजन को घूमने और बैठने के अलावा जिले के दूर दराज से आने वाले फरियादियों को आराम करने का स्थान है देखने लायक यह है कि इस सिटी पार्क में पेड पौधों कि तलाई के लिए नगर परिषद की एक बोरिंग भी लगी हुई है जो गति 8 माह से बंद पड़ी होने से पार्क के पेड़ पौधे इस मिशन गर्मी के दौर में सूख गए हालांकि गत दिन बोरिंग चालू कर दी गई है।

क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

गंगापुर सिटी । राजस्थान क्रिकेट संघ के निर्देश पर जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर ने 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत कर दी है। शिविर का उद्घाटन क्रिएटिव स्पोर्ट्स एकेडमी गंगापुर सिटी और इंद्रा मैदान सवाई माधोपुर में किया गया। शिविर में कुल 95 खिलाडी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाडी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को रनिंग और एक्सरसाइज कराई जाएगी। साथ ही गेंदबाजी, बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण और विकेट कीपिंग की बारीकियां सिखाई जाएंगी। जिला क्रिकेट संघ के छह अनुभवी कोच खिलाडियों को प्रशिक्षण देंगे। इनमें अभिताभ सिंह राठौड, नरेंद्र गोगा, सुरेंद्र चौधरी, मो. अनीश, अरुण चौधरी और लोकेश मीना शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सचिव डॉ. दीपक राज ने खिलाडियों को अनुशासन, एकाग्रता और कडी मेहनत का महत्व समझाया। इंद्रा मैदान पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत जैन मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद माथुर और रूप नायक ने की। इस अवसर पर एम.के. पाठक, सूर्य प्रकाश शर्मा, विजय पाठक और श्रीकृष्ण शर्मा भी उपस्थित थे।

‘गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकारी सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करें’

करौली । जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला कलेक्टर ने पीएचईडी, विद्युत व चिकित्सा विभाग को सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये है। साथ ही गत दिनों में सवाई माधोपुर में मुख्य सचिव सुधांश पन्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करने के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। इस दौरान जिला कलक्टर ने कृषि, सड़क, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मार्मिक पहल हरियालो राजस्थान के तहत वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को जिले में सफल बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण की पूर्व तैयारी सभी स्तरों पर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही गत वर्ष लगाए गए पौधों की देखभाल एवं उचित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जिला कलक्टर ने न-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिससे जिले में आगामी गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। बैठक में उन्होंने अधीक्षण अभियंता से जिले में अब तक किए गए नल कनेक्शनों एवं मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान प्रगति की समीक्षा की और अब तक जारी किए गए कार्यादेशों के तहत संचालित कार्यों की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा भी प्राप्त किया। वहीं हेंडपम्प मरम्मत अभियान की प्रगति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आदेशित किया। उन्होंने गत दिनों राज्य सरकार के द्वारा खुले बोरवेल, कुएं सहित अन्य पेयजल स्त्रोत जो खुले पडे हुए है एवं सुख गये है।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । ग्राम पंचायत उदेई कलां को नवसृजित पंचायत समिति वजीरपुर में शामिल करने का विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को सरपंच सबिस्ता परवीन के नेतृत्व में सैकडों ग्रामीण गंगापुर सिटी मिनी सचिवालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम विजेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपा।

समाजसेवी मुक्तिदार अहमद ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर पंचायत समिति गंगापुर सिटी के पुनर्सीमांकन में उदेई कलां को वजीरपुर में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह फैसला पंचायतों के पुनर्गठन के मापदंडों के खिलाफ है। उदेई कलां को हाल ही में गंगापुर सिटी नगर परिषद के मास्टर प्लान 2०35 में शामिल किया गया है। गंगापुर सिटी राजकीय पीजी कॉलेज से उदेई कलां मात्र 5०० मीटर दूर है। वजीरपुर में शामिल होने से ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यो के लिए 28 किलोमीटर दूर जाना पडेगा। ग्रामीणों ने बताया कि यहां 9०-ए की कार्रवाई चल रही है। वजीरपुर में शामिल होने से यह कार्रवाई नियम विरुद्ध हो जाएगी। यहां जमीनों की डीएलसी दर अधिक होने से सरकार को अच्छा राजस्व मिल रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उदेई कलां को गंगापुर सिटी पंचायत समिति में नहीं रखा गया तो वे आंदोलन करेंगे।

उदेईमोड क्षेत्र दो घंटे तक रहा जाम रहा

गंगापुर सिटी । शहर की यातायात व्यवस्था आए दिन खराब होती जा रही है। मंगलवार दोपहर उदेई मोड पर डेढ घंटे तक जाम लगा रहा। यह स्थिति दोपहर 12.3० बजे से लेकर 2 बजे तक बनी रही। शहर की पुरानी बसावट के कारण मार्ग पहले से ही संकरे हैं। इन मार्गों पर दोनों तरफ अतिक्रमण की समस्या है। उदेई मोड क्षेत्र में स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में इन दिनों किसानों की भारी भीड है। किसान गेहूं, सरसों और चना बेचने के लिए अपनी उपज ला रहे हैं। मंडी में कृषि उपज की आवक अधिक होने से ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप और ट्रकों की आवाजाही बढ गई है। माल की तुलाई और बिक्री के बाद ट्रकों से लदान कर बाहर भेजा जा रहा है। इससे यातायात का दबाव और बढ गया है। ट्रैफिक पुलिस की संख्या आवश्यकता से कम है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड रहा है। जाम के दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे वाहन चालकों, राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने की तत्काल आवश्यकता है।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हिंडौन सिटी । शहर के एक निजी अस्पताल से जयपुर रेफर की गई एक प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। भीम आर्मी के संभाग प्रभारी रिंकू खेडी हैवत के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर को सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि भगवान महावीर नर्सिंग होम में चिकित्सकों की लापरवाही के कारण जच्चा और बच्चा की हुई है मौत। आरोप है कि ऑपरेशन की कहने के बाद भी चिकित्सकों ने ऑपरेशन नही किया और बिना रेफर कार्ड के जयपुर भेज दिया । जयपुर पहुंचते ही 28 वर्षीय लक्ष्मी की मौत हो गई। कल 5 घंटे जिला हॉस्पिटल हिंडौन में रखा रहा शव आज भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पीडित परिवार के साथ ज्ञापन में मांग की है। की मृतका की बच्चियों के दस दस लाख का फिक्स डिपाजिट करवाया जाए। छोटे लालच में आकर निजी नर्सिंग होम जिंदगीयो से खिलवाड कर रहे है। इनकी जांच हेतु एक विशेष टीम बनाई जाए जिससे इस प्रकार की घटना भविष्य में नहीं दोहराई जाए और इस मामले की जल्द से जल्द जांच करवाकर।

‘130 गांवों में जल संरक्षण के होंगे महत्वपूर्ण कार्य’

■ **सभी विभाग मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन के कार्यों को गुणवत्ता से पूरा करायें : कलक्टर**

भरतपुर । मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 की डीपीआर अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें 44 ठाम पंचायतों के 130 ठाम सम्मिलित किये जाकर 37.10 करोड़ के 1566 कार्यों की डीपीआर का अनुमोदन किया गया। बैठक में विधायक भरतपुर डॉ. सुभाष गर्ग, विधायक बयाना डॉ. ऋतु बनावत सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना की भावना के अनुरूप जलसंचय के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराये। गांवों में जल स्वावलम्बन से संबन्धित कार्यों में आमजन की भागीदारी के साथ वर्षा जल का संचय कर भूजल रिचार्ज के लिए टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि विभाग अपने बजट की उपलब्धता के अनुसार पौधारोपण, जलस्त्रोतों के सरंक्षण, कृषि कार्यों में बूंद-बूंद सिंचाई पद्धित, मनरेगा के तहत तालाबों, सामुदायिक जलस्त्रोतों के सरंक्षण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करायें। उन्होंने नहरों, जलस्त्रोतों में जमा मिट्टी के उठाव एवं गहराई करण के कार्यों को भी शामिल कर वर्षापूर्व पूरे कराने के निर्देश दिये ताकि बरसात के पानी का सरंक्षण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को डीपीआर में शामिल किये गये कार्यों के धरातल पर साकार करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता से पूरा कराने के निर्देश दिये।

विधायक डॉ गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना ठाामीण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, स्थानीय जलस्त्रोतों का सरंक्षण, वर्षा जल से भूजल रिचार्ज के कार्यों को सभी क्षेत्रों में शामिल किया जाये। उन्होंने नहरों, गांवों के तालाबों में मिट्टी सफाई कार्य, तालाबों की पाल के पास ट्यबुबवैल के द्वारा भूजल रिचार्ज का प्लान बनाने का सुझाव दिया। विधायक डॉ. बनावत ने कहा कि डांग क्षेत्र में वर्षा जल सरंक्षण के कार्य, पौधारोपण, कृषि के क्षेत्र में बूंद-बूंद सिंचाई, बागवानी एवं एनिकट निर्माण कार्यों को शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने बयाना में भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार जल सरंक्षण के कार्यों को गुणवत्ता से कराने की बात कही। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुलसिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जल संचय योजना अन्तर्गत सभी 7 ब्लॉकों के 44 ठाम पंचायतों के 130 ठाम सम्मिलित किये गये हैं। जिसमें 1566 कार्यो को सम्मिलित किया गया है। जिसकी राशि 37.10 करोड रूपये है।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जलठाहण विकास एवं भू-संरक्षण बजरंग सहाय मीणा ने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 अन्तर्गत ब्लॉक बयाना, भुसावर, नदबई, वैर, सेवर, उच्चैन, रूपवास की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से किया गया है। उन्होंने विभिन्न विभागों के द्वारा लिये गये कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी 7 ब्लॉक्स की डीपीआर के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर योजना के जिला प्रभारी हरीओम शर्मा, अधीक्षण अभियंता जलसंसाधन बनयसिंह, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी एनके वर्मा, सहायक वन संरक्षक वन्यजीव भरतलाल, संयुक्त निदेशक कृषि आरसी महावर, अधिशाषी अभियंता जलग्रहण करतारसिंह सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर शुरू

करौली । करौली जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित ग्रीष्म कालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं संयोजक एड हॉक कमेटी के द्वारा किया गया। कमेटी के सदस्य राजेश सारस्वत ने बताया कि राजीव गांधी खेल संकुल के क्रिकेट मैदान पर ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ है जो 15 दिवसीय शिविर निशुल्क और आवासीय होगा। उन्होने बताया कि 'ाािविर के पहले दिन बुधवार को 80 खिलाडियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर करौली विधायक व कमेटी के सयोजक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि अब हमारे जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए बाहर अकादमी में पैसा खर्च नहीं करना पडेगा सारी सुविधाएं करौली में ही मिलेंगी। जल्दी ही करौली में क्रिकेट अकादमी स्थापित कि जावेगी। क्रिकेट कोच सुरेंद्र सिंह राठौड़, राजेश कुमावत व अतर सिंह वर्मा खिलाडियों को प्रशिक्षण देंगे साथ ही योग शिक्षक मुकुट बिहारी श्रो त्रिय शिविर में बच्चों को योगा करायेंगे उद्घाटन कार्यक्रम में एड होक कमेटी सदस्य राजेश सारस्वत, प्रताप सिंह जादौन, दिनेश शुक्ला, मनु कंबोज, ब्रह्म सिंह फौजी, महेश पाठक, संजय पाल, सुभाष बाबू शर्मा, बृजभूषण शर्मा, विजय शर्मा, हेमराज जगरबाढ, राजेंद्र जांगिड, विजय पांडे, जसवीर गुर्जर, रामहरि गुर्जर, सरवन शर्मा, कर्नल अनिल, तेजेंद्र सिंह, रविन्द्र गुर्जर, कान्हा व्यास आदि मौजूद थे।

पुलिस स्थापना दिवस से पूर्व प्रतियोगिता

करौली । राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस के द्वारा विधार्थीयों को पुलिस विषयों व कानून से सम्बंधित सामान्य जानकारी प्रदान करने के उदेश्य से जिला स्तरीय बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय ने परीक्षा के दौरान विधार्थीयो से रूबरू होकर पुलिस से दूरी नहीं, दोस्ती के तौर पर सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सम्पूर्ण प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम चैधरी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार मौजूद रहे प्रतियोगिता स्व: चिरंजीलाल शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय करौली में आयोजित हुई जिसमे जिले के सरकारी व निजी विधालयो के कक्षा 9-12 के 225 विधाथियों ने लिया भाग। प्रतियोगी परीक्षा में विधार्थीयो के लिये पुलिस द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये गये पाठ्यकम राजस्थान पुलिस के बारे में सामान्य जानकारी, राजस्थान पुलिस संगठन की संरचना एवं कार्यप्रणाली, नवीन अपराधिक कानून, राजस्थान पुलिस द्वारा संचालित राजकोप ऐप की जानकारी, यातायात नियमों की जागरूकता, साईबर अपराध एवं साईबर सुरक्षा सम्बंधी जानकारी में से 100 अंको के 90 प्रश्न पूछे गये। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 1500, द्वितीय स्थान 1000, तृतीय स्थान 500 रूपये नगद पुरूस्कार एवं पांच विधार्थीयो को सांत्वना पुरूस्कार मय प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

नूरपुर गांव में डॉ. गर्ग का ग्रामीणों ने किया स्वागत

जनता क्लिनिक को लेकर विवाद

गंगापुर सिटी । ग्राम पंचायत महूकलां में जनता क्लिनिक को लेकर विवाद खडा हो गया है। चिकित्सा विभाग द्वारा स्वीकृत जनता क्लिनिक को सरकारी भवन की बजाय निजी घर में खोलने का निर्णय लिया गया है। सरपंच लखन लाल सैनी के नेतृत्व में वार्ड पंचों ने उपजिला कलेक्टर बृजेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत निधेराकला, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/01 दिनांक:15.04.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 25.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00019 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक ग्रा.पं. निधैराकला पं.स. सैपऊ (धौलपुर)

ग्राम विकास अधिकारी ग्रा.पं. निधेराकला पं.स. सैपऊ (धौलपुर)

कार्यालय ग्राम पंचायत राजौराकला, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/02 दिनांक:15.04.2025

ई-निविदा सूचना 02/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 25.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00020 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक ग्रा.पं. राजौराकला पं.स. सैपऊ (धौलपुर)

ग्राम विकास अधिकारी ग्रा.पं. राजौराकला पं.स. सैपऊ (धौलपुर)

कार्यालय जिला परिषद करौली

क्रमांक: जिपक/स्टोर/निविदा/2025/54 दिनांक: 08.04.2025

निविदा सूचना

जिला परिषद (ग्रामीण विकास एवं पंचायत प्रकोष्ठ) करौली में विभिन्न योजनाओं/शाखाओं के लिए 1. स्टेशनरी सामग्री 2. कम्प्यूटर ऑपरेटर मैनविद मशीन 3. किराये पर वाहन उपलब्ध कराने 4. चाय, नाश्ता भोजन 5 फोटो स्टेट 6. मीटिंग हेतु कुर्सी माईक एवं जनरेटर 7. विडियोग्राफी व फोटो ग्राफी आदि विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए पंजीकृत फर्मो/इच्छुक प्रतिष्ठित संस्थाओं से दर अनुबन्ध करने के लिऐ खुली निविदाऐं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदा दाता निर्धारित शुल्क/डिमाण्ड ड्राफ्ट से जमा कराकर जिला परिषद (पंचायत प्रकोष्ठ) से निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा बेचने की अंतिम दिनांक अंतिम दिनांक व समय	निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय	निविदा खोलने की दिनांक व समय
21.04.2025 प्रात: 11:00 बजे तक	21.04.2025 दोपहर 2:00 बजे तक	22.04.2025 दोपहर 2:00 बजे तक

निविदा का विवरण sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता है।

BID:-ZKR2526SS0B00012,13,14,15,16,17,18

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद करौली

कार्यालय अध्यक्ष विकास समिति राजकीय कन्या महाविद्यालय करौली

क्रमांक लेखा/2024-25/150 दिनांक: 15.04.2025

अल्पकालीन निविदा

इस कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर/चौकीदार/लैब बॉय एवं सफाई कर्मचारी की सेवाऐं दर अनुबन्ध पर उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत बोलीदाता संवेदक जो राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक अधिनियम 1970/संशोधित अधिनियम 2024 कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 वस्तु एवं सेवाकर () आयकर (पैन नं.) राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यकार संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो, से निम्नानुसार सील बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्मिक का विवरण	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा शुल्क
1.	कम्प्यूटर ऑपरेटर-01	3.78 लाख	7500/-	500/-
2.	चौकीदार 01			
3.	लैबबॉय-01			
4.	सफाई कर्मचारी-01			

इच्छुक सेवा प्रदाता समिति/फर्म कार्यालय से दिनांक 22.04.2025 को दोपहर 01.30 बजे तक निर्धारित फार्म लेकर उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक तकनीकी एवं वित्तीय दो अलग-अलग बन्द लिफाफों में जिसके ऊपर "तकनीकी" एवं "वित्तीय" लिखा हुआ हो, जमा करा सकते हैं। प्राप्त निविदाऐं उसी दिन दोपहर 2.00 बजे पश्चात उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जावेंगी। उक्त सेवाऐं पूर्णत: अस्थाई होगी। विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में महाविद्यालय में देखी जा सकती हैं।

नोट-

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में भरकर प्रस्तुत की जावेगी।
2. उक्त आवश्यक कार्मिकों की संख्या में कमी या बृद्धि की जा सकती हैं। निविदा प्रस्तुत करने व खोलने की तिथि राजकीय अवकश होने पर आगामी कार्य दिवस की तिथि मानी जावेगी।
3. किसी भी निविदा की स्वीकार/अस्वीकार या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

सचिव महाविद्यालय विकास समिति राज. कन्या महाविद्यालय करौली करौली

अध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति राज. कन्या महाविद्यालय करौली करौली